Phone: 0551-6450130
Mahatma Gandhi Post Graduate College
Gorakhpur-273 001
e-mail: mgpg_gkp@rediffmail.com, Website: www.mgpgc.in

दिनाँक : 13.03.2023

सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनाँक 16.03.2023 को रक्तदान शिविर का आयोजन कालेज परिसर में प्रशासनिक भवन में किया जा रहा है। रक्तदान करने वाले छात्र–छात्रा को एक प्रमाण पत्र के साथ कार्ड दिया जायेगा जिससे वह स्वयं या अपने परिवार के लिए आवश्यकता पड़ने पर ब्लड प्राप्त कर सकते हैं।

अतः अधिक से अधिक छात्र–छात्राएं रक्तदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

प्रो0 (अनिल कुमार सिंह)
प्राचार्य

Blood donation camp under Mahadan 8.0 associated with Rotary Club of Gorakhpur Yuva ,NSS Department of M.G.P.G. College,Dated(16-03-2023)

[महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह क्लब द्वारा आयोजीत रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए]

महात्मा गांधी पी.जी. कॉलेज
राष्ट्रीय सेवा योजना
दिनांक- 16-03-2023
महात्मा गांधी पी.जी. कॉलेज
ROTARACT CLUB M.G.P.G. COLLEGE
"Service Above Self"
REDMI NOTE 11T 5G

Blood Donation Camp Under Mahadan 8.0
REDMI NOTE 11T 5G

[महाविद्यालय में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप का सम्माननीय प्रबंधक जी अवलोकन एवं निरीक्षण करते हुए]

26 लोगों ने किया रक्तदान

गोरखपुर (एसएनबी)। महात्मा गांधी पोस्ट ग्रेजुएट कालेज में मेडिकल कालेज रक्तकोष के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन रोटरेक्ट क्लब द्वारा एवं क्लब के अध्यक्ष भास्कर मिश्रा की देखरेख में किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 26 रक्त दाताओं ने रक्तदान किया।

मेडिकल कालेज के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी रक्तकोष डा. राजेश कुमार राय ने रोटरेक्ट क्लब एवं रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान डा. राय ने बताया कि जिस अनुपात में रक्त की जरूरत पड़ रही है उस अनुपात में स्वैच्छिक रक्तदान एवं रक्त कोष को रक्त उपलब्ध नहीं हो पा रहा है जिससे जरूरतमंद मरीजों को जैसे एक्सीडेंटल केस , गर्भवती महिलाएं थैलेसीमिया हीमोफीलिया से ग्रसित बच्चे, एचआईवी, लाचार ,असहाय, अज्ञात मरीज, कैदी, कैंसर रोगी, किडनी रोगी तथा अन्य रेयर ग्रुप के मरीजों को रक्त उपलब्ध कराना रक्त कोष के लिए बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा की संख्या में आकर रक्त कोष में रक्तदान करें जिससे जरूरतमंदों को समय से रक्त मिल सके और उसका इलाज सुचारू रूप से किया जा सके। इस दौरान मेडिकल कालेज के रक्तकोष के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर का आयोजन

गोरखपुर। रोटरेक्ट क्लब एमजीपीजी, रोट्रैक्ट क्लब युवा और यूथ युटिल वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से एमजीपीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संवाद

शिविर के चौथे दिन हुआ 36 यूनिट रक्तदान

गोरखपुर,१६ मार्च। रोटरेक्ट क्लब एमजीपीजीए,रोट्रैक्ट क्लब गोरखपुर युवा एवं यूथ युटिल वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान आज चौथे दिन गुरुवार को महात्मा गाँधी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज और गोरखपुर चैरिटेबल ब्लड बैंक में सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमजीपीजी के मैनेजर मंकेश्वर पांडेय, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य अनिल सिंह,होम साइंस विभागाध्यक्ष प्रो शक्ति सिंह, एनएसएस संयोजक डॉ रवीन्द्र नाथ शुक्ल एवं प्रो प्रियंका श्रीवास्तव जी ने रिबन काटकर नेशनल एजुकेशनल सोसाइटी समेत अन्य शिक्षक गण द्वारा रक्तदान कर इस महादान अभियान का शुभारंभ करके अधिक से अधिक विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। मुख्यअतिथि मंकेश्वर पांडेय जी ने सभी लोगों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान की श्रेणी में आता है। रक्तदान करने से जरूरतमंद की मदद तो, होती है। साथ ही रक्तदाता कार्ड प्राप्त करने से भविष्य में अपने या परिवार के लिए भी जरूरत पढ़ने पर आसानी से रक्त प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानाचार्य अनिल सिंह जी ने सर्वप्रथम रक्तदान करके रक्तदान शिविर का शुरुआत किया और कहा कि सभी को रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करना किसी को जिंदगी का तोहफ देने के बराबर है। उन्होंने सभी को ब्लड की जरूरत के बारे में बताते हुए ब्लड देने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो शक्ति सिंह ने कहा कि ब्लड देकर दूसरों की जान बचाने से पुनीत काम कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्लड डोनेट करना तो आसान लगता हैए लेकिन जब उसी ब्लड से किसी की जान बचती है तो उसका अनमोल रूप का पता चलता है। इस दौरान विद्यार्थियों में गजब का उत्साह देखा गया। रक्तदान करने के लिए हर कोई अपनी बारी का इंतजार करते नजर आया। लगभग 65 से ज्यादे विद्यार्थियों ने रक्तदान के लिए अपना चेकअप करवाया जिसने अंडर वेट और कम हिमोग्लोबिन के वजह से अधिकांश रक्तदान नहीं कर पायी। शायं 4 बजे तक 36 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित रहे रत्नेश तिवारी, विरेंद्र त्रिपाठी, भास्कर मिश्रा, पारुल यादव, स्नेह सिंह, रेयस मद्धेशीया, कुमकुम चौहान,जैद अंसारी, कशिश खातून, उज्जवल पांडेय, रतन डीप मिश्रा, गोपाल पाठक, गोविंद जयसवाल, वैभव गुप्ता, महंत शिवराम दास मिश्रा, विमल सिंह, साकेत,सुशील कुमार, राकेश, अभिषेक, किशन कुमार आदि जिनके अभूतपूर्व सहयोग से इस महादान अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है।